# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रेषक :
सम्बद्धता विभाग,
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

ई–मेल : E-mail :
jiwajidcdc@gmail.com

क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2025/889 दिनांक : 13/08/2025

प्रति,

अध्यक्ष/सचिव/प्राचार्य
समस्त सम्बद्ध शासकीय, अशासकीय एवं अनुदानित महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, (म0प्र0)

विषयः– AISHE पोर्टल वर्ष 2024-25 पर महाविद्यालयों का रजिस्ट्रेशन कर महाविद्यालयों का डेटा प्रविष्टी किये जाने एवं डेटा प्रविष्टी उपरांत प्राप्त प्रमाण पत्र विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने के संबंध में।

संदर्भः– कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल का पत्र क्रमांक 108/आउशि/एआईएसएचई/2025 दिनांक 12.08.2025।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि, AISHE पोर्टल पर सत्र 2024–25 का डेटा प्रविष्टी एवं सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। जिसकी अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2025 निर्धारित की गयी है।

**अतः उक्त संबध में विश्वविद्यालय से सम्बद्व समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य/सचिव/संचालकों को सूचित किया जाता है, AISHE पोर्टल सत्र 2024–25** पर नवीन एवं पूर्व से संचालित समस्त महाविद्यालय रजिस्ट्रेशन कर महाविद्यालय से संबंधित समस्त जानकारी AISHE पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दिनांक **15.09.2025 तक अद्यतन करे। जानकारी अपडेट करने के उपरांत AISHE पोर्टल** से प्राप्त प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से सम्बद्धता विभाग, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में जमा कराया जाना सुनिश्चित करें।

**विशेष नोट :– जिन महाविद्यालयों द्वारा AISHE 2024–25 हेतु रजिस्ट्रेशन/डेटा अद्यतन की कार्यवाही निर्धारित अवधि में पूर्ण नहीं की जाती है तो, उक्त महाविद्यालयों के विरूद्व परिनियम–27 के प्रावधानांतर्गत कार्यवाही की जावेगी एवं रजिस्ट्रेशन/डेटा प्रविष्टी नहीं किये जाने वाले महाविद्यालयों की सूची मान्यता प्रदान किये जाने वाली प्राधिकृत संस्था को भेजी जावेगी। डेटा प्रविष्टी नहीं किये जाने की स्थिति में मान्यता प्रदान करने वाली प्राधिकृत संस्था/शासन/विश्वविद्यालय की ओर से होने वाली किसी भी कार्यवाही हेतु महाविद्यालय स्वंय उत्तरदायी होगा।**

13/08

**कुलसचिव**

**प्रतिलिपि :–**

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
2. अध्यक्ष/सचिव बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया 21 साउथ एवेन्यू इंस्टीट्यूशनल एरिया नई दिल्ली।
3. निदेशक/सचिव, अखिल भारतीय तकनीकि शिक्षा परिषद्, नेलशन मण्डेला मार्ग, बसंतकुंज नई दिल्ली की ओर सूचनार्थ।
4. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, ग्वालियर–चम्बल संभाग, कस्तूरबा चौराहा कम्पू, लश्कर ग्वालियर।
5. प्राचार्य, अग्रणी महाविद्यालय, ग्वालियर–चंबल संभाग संबंधित महाविद्यालयों से पंजीकरण/डेटा अद्यतन की जानकारी की कार्यवाही सुनिश्चित करावें।
6. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. प्रभारी, आई.टी. सेल, विश्वविद्यालयीन वेबसाईट पर प्रसारित हेतु।

**निदेशक,**
**महाविद्यालयीन विकास परिषद्**

190
Disk:E-Tarun Shrivastava/All Letter's 2025-26/D.C.D.C./J.U